दिन–शुक्रवार दिनांक– 26 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने बिहार की पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खातों में सात हजार पांच सौ करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की। इसके अंतर्गत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को वित्तीय सहायता के रूप में दस–दस हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गयी। इस योजना का उद्देश्य स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत भी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कोई महिला नौकरी करती है या अपना व्यवसाय शुरू करती है, तो यह उसके सपनों को नए पंख देता है। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान और बैंक दीदी अभियान पूरे देश की महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। श्री मोदी ने राजद पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब बिहार में इनकी सरकार थी तब भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर था। महिलाएं पिछड़ी अवस्था में थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों से लोगों को निकालने के लिए एनडीए सरकार ने लगातार काम किया है।

————————————————————————

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और सांसद संजय कुमार झा के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस योजना के तहत अपनी पंसद का रोजगार शुरू करने के लिए प्रत्येक महिला को दस–दस हजार रुपये की राशि दी गयी है। बाद में काम का आकलन कर महिलाओं को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहरों तक हाट–बाजार भी विकसित किये जायेंगे।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह बेतिया में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित

करेंगे। इसके बाद शाम में पटना में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री कल अररिया के फारबिसगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

———————————————————————

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज पटना के सदाकत आश्रम में महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद कांग्रेस महासचिव मोतिहारी में आयोजित **हर घर अधिकार** रैली को संबोधित करेंगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सरकारी सेवकों की सेवाकाल में असामयिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। इस उद्देश्य से नया ऑनलाइन पोर्टल अनुकंपा डैश नियुक्ति डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मृतक सरकारी सेवक के योग्य आश्रित सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

———————————————————————

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों के जिलों में कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज भी माँ दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्माण्डा की पूजा अर्चना की जा रही है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पांचवे दिन देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि देवी अपने सभी भक्तों को सुख, समृद्धि और सौभाग्य प्रदान करें।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।